हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 सरकारी योजनाओं का खजाना लेकर लछनपुर...



12 खेल हार-जीत के लिए नहीं बल्कि सीखने के लिए जरूरी





## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना में 21 हितग्राहियों का बनेगा मकान

**हथबंद।** ग्राम हथबंद में विशेष ग्रामसभा में आवास की योजना का लाभ हितग्राही को मिल सके, जिसका अध्यक्ष सरपंच उपसरपंच की अनुपस्थिति में जीतू यादव को चुना गया। सभी हितग्राही के बारे में बारी बारी से जानकारी देते हुए की 21 हितग्राही में 2 हितग्राही का नाम पीएम आवास योजना की तहत बन गया है और 4 लोगों की जमीन नहीं होने से बाकी 15 लोगों को आवास निजि जमीन पर बनाने को कहा गया। इसमें सभी उपस्थित पंच एवं ग्रामीण ने सहमति दी। ग्राम सभा में सचिव कमल किशोर साहू के साथ वार्ड पंच भी उपस्थित थे।

### संघवी ने यनिवर्सिटी में पाया 7वां स्थान, जिले में प्रथम

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज में एमए अर्थशास्त्र की छात्रा संघवी सिंह ठाकुर ने चौथे सेमेस्टर में 2000 में 1554 अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में 7वां और महासमुंद में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। संघवी पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद विक्रम सिंह ठाकुर की सुपुत्री हैं। बता दें कि संघवी के भाई तेजस्वी सिंह राजपूत भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर पदस्थ हैं।

### मुखबिरी का आरोप लगाते हुए की मारपीट

**महासमुंद।** चार लोगों ने एक युवक पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए जमकर मारपीट करते हुए चोट पहुंचाया है। सरायपाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद हुसैन पिता मुहम्मद आमीन 20 वर्ष को जावेद, प्रवीण, बिल्लू और अंसार हुसैन द्वारा पुलिस का मुखबिर कहते हुए अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट की है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 25 गायों को गौठान से ले जाते अज्ञात लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**चार लोग भागे, दो पकड़ाये, पूछताछ में गोलमोल जवाब पर ग्रामीणों को हुई शंका, थाने में की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

ग्राम बनसांकरा में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा गोठान के कांजी हाऊस से 25 गायों को निकाल अन्यत्र ले जाते ग्रामीणों ने पकड़ा। आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना पहुंचे।

जानकारी के अनुसार सिमगा थाना अंतर्गत ग्राम बनसांकरा के गोठान स्थित कांजी हाऊस में बहुत सारे लावारिस मवेशी रखे गये थे। 28 दिसंबर की सुबह 9 बजे अज्ञात 6 लोगों द्वारा कांजी हाऊस का ताला खोल कर 25 गायों को अन्यत्र ले जा रहे थे, जिसे देख कर ग्रामीणों ने रोकते हुए उनसे पुछताछ की लेकिन अज्ञात युवकों द्वारा गोलमोल जवाब दिए जाने पर ग्रामीणों को शक हुआ कि कहीं मवेशियों को कट्टी के लिए तस्करी तो नहीं किया जा रहा है। इस दौरान 4 युवक भागने में सफल हो गये। वहीं 2 लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया तथा उसकी पहचान भी कर ली गयी। वहीं बरामद 25 गायों को वापस कांजी हाऊस में सुरक्षित रखा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुछताछ में आरोपियों के कथन से ऐसा प्रतीत होता है कि मामले में गांव के कुछ लोगों का हाथ है, जिनकी मिलीभगत से यह कार्य किया जा रहा था। बुधवार को दोपहर बनसांकरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे, जिस पर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने मामले की जांच उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आसपास के इलाके में गौ तस्कर सक्रिय

उल्लेखनीय हो कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनसांकरा, चौरेंगा, गणेशपुर, विश्रामपुर, झनकपुर में वर्षों से कोचियों के माध्यम से गौ तस्करी का व्यापार फल फूल रहा है। वहीं दामाखेड़ा से लगे ग्राम किरवई में सैकड़ों वर्षों से मवेशी बाजार लगते आ रहा है, जहां मवेशियों की खरीदी बिक्री होती है। यहां मवेशी तस्कर काफी सक्रिय हैं, जो औरंगाबाद स्थित कत्लखाना में कट्टी के लिए सप्लायी करते हैं।



### जांच की जा रही है

थाना प्रभारी परिवेश तिवारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में जनपद सीईओ से भी चर्चा की गई कि गोठान में रखे मवेशी को रखने या निकालने की जवाबदारी किसकी है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी पर अंकुश लगाने प्रयास जारी है।

**खरसिया-बलौदाबाजार, नवा रायपुर-दुर्ग रेल कारीडोर के निर्माण को हरी झंडी मिलने के संकेत**

# जिले से गुजरेगी रेल लाइन, रेलवे ने शुरु की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पांच वर्ष पूर्व दक्षिण-पुर्वी मध्य रेलवे अंतर्गत छत्तीसगढ़ रेल कापोरेशन लिमिटेड द्वारा ब्राड गेज विद्युतीकृत खरसिया-बलौदाबाजार-नवा रायपुर-दुर्ग तक 266 किलोमीटर लम्बाई वाले विशेष रेल कारीडोर वाली परियोजना को अब सीधे रेलवे विभाग द्वारा बनाने पर विचार कर तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्रीय मंत्री रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात करने के बाद ठंडे बस्ते में पड़ी इस रेल परियोजना के बारे में रेल मंत्रालय द्वारा नये सिरे से इस रेल लाइन के लिए आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। रेलवे सूत्रों ने बताया गया है कि इस बारे में शीघ्र ही एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जावेगी।

- 266 किमी लम्बाई वाले विशेष रेल कारीडोर बनाने पर विचार कर रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी

रेलवे विभाग द्वारा परमालकसा-दुर्ग, नया रायपुर, बलौदाबाजार, शिवरीनारायण, खरसिया तक बिछाई जाने वाली नई रेलवे लाइन से बलौदाबाजार जिले में स्थापित सीमेंट सयंत्रों को कच्चे माल की आपूर्ति एवं सीमेंट परिवहन से मिलने वाली आय अधिक होने से यह परियोजना एक ओर जहां लाभकारी सिद्ध होगी। वहीं दूसरी ओर इस नई रेल परियोजना के माध्यम से अब तक रेलमार्ग से अछुते इलाकों के निवासियों को इस मार्ग पर यात्री ट्रेन चलने से आवागमन ▸▸ शेष पेज 11 पर



### क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

प्रदेश के राजस्व तथा खेलकुद युवा कल्याण विभाग मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रस्तावित नई रेल परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त करते हुए चर्चा के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री के माध्यम से इस बारे में विस्तार से चर्चा की गई। प्रस्तावित रेल कारीडोर से रेलवे की आय में वृद्धि होने के साथ बलौदाबाजार जिले के विकास में मददगार साबित होगी। क्षेत्रवासियों को यातायात सुविधा का लाभ मिलने के अलावा जिले के पर्यटन स्थल बारनावापारा अभ्यारण्य, गिरौधपुरी धाम, सोनाखान की यात्रा करने वाले सैलानियों को सुविधा होगी। सड़क पर यातायात का दबाव कम होने से दुर्घटना में कमी आने के अलावा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### सड़क मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव होंगे कम, घटेगी दुर्घटनाएं

बलौदाबाजार जिले में स्थापित 7 सीमेट संयंत्रों में 15 से अधिक यूनिट स्थापित कर सीमेंट का उत्पादन किया जा रहा है। सीमेट संयंत्रों में कच्चे माल के रूप में कोयला, जिब्सम, फलाईएस, आयरन ओर सहित अन्य सामग्रीयों तथा सीमेंट संयंत्रों से क्लिंकर व सीमेंट परिवहन के कार्य हेतु प्रतिदिन हजारों की संख्या में भारी माल वाहक वाहन क्षेत्र की सड़कों से गुजरते हैं, जिससे अंचल की सड़कें जर्जर होने तथा यातायात का दबाव अधिक होने के कारण लगातार सड़क हादसे घटित होने के कारण जनधन की हानि हो रही है। इस नई रेल परियोजना के साकार होने से सड़क पर यातायात का दबाव घटने के साथ सड़क हादसों की संख्या में कमी आएगी।

### रेल विभाग के लिए फायदेमंद साबित होगी योजना

सूत्रों द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार यह लाइन अब यह डबल लाइन बनेगी तथा इसकी लागत लगभग 11 हजार करोड़ हो सकती है। इस हेतु शीघ्र भूअर्जन की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इस लाइन के बनने से बम्बई-हावड़ा, मुख्य लाइन पर मालगाड़ियो की आवाजाही कम होगी, जिससे यात्री गाड़ियों को रद्द होने से यात्रियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस लाइन के बनने से बलौदाबाजार जिले का तेजी से औद्योगिक विकास होगा तथा स्थापित सीमेंट परिवहन एवं कोयला परिवहन भी सुचारू रूप से हो सकेगा। इस निर्माण के लिए स्थानीय विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी प्रयत्नशील है। क्षेत्र के विकास के लिए यह लाइन मील का पत्थर साबित होगी।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौबाजार

नाबालिग लकड़ी को बहला-फुंसलाकर भगाने वाले युवक को पुलिस ने बुधवार को बेमेतरा जिले के ग्राम मुंगवाय थाना चांदनू से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया। पुलिस ने यह कार्रवाई आरोपी के विरूध धारा 363 में धारा 366ए, 376, भादवि व 4, 6 पाक्सों एक्ट जोड़ कर की।



पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष 1 मई को प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी पुत्री 17 वर्षी 28 अप्रैल की रात करीबन 1 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है, जिसका आस पड़ोस में पता किए, कहीं पता नहीं चला। युवक की रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस ने गुम इंसान कायम किया। प्रार्थी की नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसालकर भगा ले जाने की शंका पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना 2 जनवरी को आरोपी नरेन्द्र कुमार पिता साधेलाल कोसले 26 साल निवासी ग्राम मुंगवाय थाना चांदनू जिला बेमेतरा के कब्जे से बरामद किया गया। अपहृता नाबालिग ने बताया कि आरोपी नरेन्द्र कुमार कोसले शादी कर पत्नी बनाकर रखने की झूठी बात कहकर बहला फुसलाकर अपने साथ रायपुर, मुंगेली एवं अपने घर ले जाकर 8 माह से अपने साथ रखा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। थाना सिमगा पुलिस द्वारा आरोपी के विरूध धारा 363 में धारा 366ए, 376, भादवि व 4, 6 पाक्सों एक्ट जोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार किया। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सिमगा के मार्गदर्शन में संजय सोनी व अयोध्या प्रसाद मधुकर तथा समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

# 30 पौवा शराब के साथ युवक पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

पुलिस ने शराब लेकर जा रहे युवक को मुखबीर की सूचना पर पकड़ा। जांच में उसके बैग से 30 पौवा शराब मिली। शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार के बाद जेल भेजा गया है।

पेट्रोलिंग के लिए निकली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक छोटे कद का आदमी काला बैग में अवैध शराब रखकर शराब भट्ठी तरफ से मेन रोड की ओर पैदल जा रहा है। पुलिस ने हुलिया के आधार पर व्यक्ति को रोककर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें 30 पौवा शराब मिली।

पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम हेमन पिता कृष्ण कुमार आडिल 25 वर्ष साकिन आलेसुर थाना भाटापारा ग्रामीण का रहने वाला बताया। उसके पास लिखित में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने आरोपी गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 3300 रुपए आंकी गई है।

### मुरा होते हुए अयोध्या जाएगी श्रीराम की चरण पादुका

**खरोरा।** श्रीराम राज्य युवा यात्रा 15 दिसंबर को श्रीलंका के अशोक वाटिका से आरंभ होकर 19 जनवरी को अयोध्या पहुंच रही है। यह यात्रा श्रीलंका के अशोक वाटिका से अयोध्या तक लगभग 10,000 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी 44 दिन में पूरी करेगी। यात्रा उस मार्ग से अयोध्या आ रही है, जिस मार्ग से चलकर भगवान श्रीराम लक्ष्मण और सीता वनवास गए थे। यह हमारा सौभाग्य है कि यह यात्रा हमारे ग्राम मूरा भी आएगी। इस यात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र की चरण पादुका रहेगी, जिसे पं. लखनलाल मिश्र सेवा परिसर, ग्राम मुरा में प्रातः 9 से 10 बजे तक के लिए आम लोगों के पूजन एवं दर्शन हेतु रखा जाएगा।

# मुड़पार में निकाली अक्षत कलश यात्रा, लगे जय श्रीराम के नारे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

ग्राम मुड़पार में राम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम से प्राप्त पूजित अक्षत कलश यात्रा भक्ति भाव के साथ निकाली गई। इसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

इस दौरान ग्राम मुड़पार में पहुंचे अक्षत कलश की आरती उतारने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भगवा वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं ने अक्षत कलश की आरती उतारी। चौक से मंदिर पहुंचने तक राम भक्तों ने जयश्री राम के नारे लगाए। मंदिर पहुंचने पहुंचे अक्षत कलश की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद आरती और भजन कीर्तन भी किया गया। अक्षत कलश यात्रा का घर-घर जोरदार स्वागत और पूजन किया गया। श्रीराम के भजनों के साथ भजन मंडली व श्रद्धालु भगवा ध्वज हाथों में लिए जय श्रीराम के जयघोष के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का अधिवेशन 7 को, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का 78वां वार्षिक राज अधिवेशन स्व. फेकूराम नायक स्मृति सभा स्थल ताराशिव में 7 जनवरी को आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। इस परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को ग्राम ताराशिव में राज इकाई तिल्दा एवं ग्राम इकाई ताराशिव की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण राज इकाई द्वारा किया गया तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि राज अधिवेशन में विभिन्न सत्रों में अलग–अलग कार्यक्रम संपन्न होंगे, जिसमें खुला मंच के माध्यम से स्वजातीय भाई– बहनों द्वारा समाज के विकास हेतु विचार आमंत्रित किए जाते हैं। राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा ने बताया कि तिल्दा राज 91 ग्रामों एवं दो नगर इकाइयों (तिल्दा एवं खरोरा) में फैला हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ताराशिव के स्वजातीय व्यापक स्तर पर लगे हुए हैं। इसके अंतर्गत अलग-अलग प्रभार जैसे धन संग्रह विभाग, भोजन व्यवस्था, शांति व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत प्रभार, जल व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रभार, कलश यात्रा प्रभार का निर्माण कर कार्य विभाजन का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर तिल्दा राज कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं राज कार्यकारी सदस्य तथा ग्राम इकाई ताराशिव के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

**मरा समझकर भागा नाबालिग, पीड़ित की हालत नाजुक**

# दो दोस्तों के बीच हुआ विवाद, एक ने दूसरे का पत्थर से सिर कुचला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

दो दोस्त घुमते फिरते बुधवार को ग्राम अमोंदी पहुंचे, जहां उन्होंने मडवा रोड के नया तालाब पार में दोनों बियर पी। इसी दौरान किसी बात पर दोनों में बहसबाजी और लड़ाई-झगड़ा शुरू हो गया। गुस्साए नाबलिग दोस्त ने अपने ही दोस्त का सिर पत्थर से कुचल दिया। घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस एवं गिरौदपुरी चौकी को होने पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल को कसडोल स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल को बलौदाबाजार रिफर किया गया है, जहां उसकी नाजुक स्थिति बनी हुई है। इधर नाबालिग आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमोंदी में बुधवार को करीबन 2 बजे के आसपास दो दोस्त, दोनों अलग-अलग गांव के निवासी है, इनमें से खिलेश पिता राजकुमार कर्ष 22 वर्ष ग्राम कोसमसरा थाना कसडोल निवासी तथा दूसरा नाबलिग रोशनदास मानिकपुरी पिता कमलदास मानिकपुरी 16 वर्ष ग्राम सुरगुली थाना सलिहा जिला सारंगढ़ निवासी दोनों दोस्तों ने पहले बैठकर बियर शराब पिये। इसके बाद चोरी करने के लिए दवाब डाला और दोनों के बीच में बहसबाजी हुई तथा बात नहीं बनी तो दोनों में झुमा-झटकी हुई। नाबलिक दोस्त रोशनदास ने तालाब पार पर पड़े पत्थर से खिलेश कर्ष के सिर पर ताबड़तोड़ जानलेवा हमला किया। पत्थरों के मार से खिलेश कर्ष के 4–5 दांत टूट गए, आरोपी ने मृत समझकर छोड़ दिया था, लेकिन घायल खिलेश की सांसे चल रही थी।



### मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

घटना की जानकारी ग्रामीणों को होने पर तत्काल ग्रामीण ने गिधौरी थाना एवं पुलिस चौकी में गिरौदपुरी को घटना की जानकारी दी। तब जाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को कसडोल भेजा, जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए तत्काल घायल खिलेश को बलौदाबाजार रिफर किया गया है। इसके बाद बलौदाबाजार से रायपुर रिफर किया गया है।

### तीन महीने से गायब था घायल खिलेश

वहीं आरोपी से करीब 3000 रुपए, 2 बैग, एक एटीएम, दो बियर शराब की बोतल और चखना बरामद किया गया है। मामले की जांच गिरौदपुरी पुलिस कर रही है। घायल खिलेश कर्ष के परिजनों ने बताया की खिलेश पिछले तीन माह से घर से लापता था और लापता होने की सूचना ग्राम कोटवार एवं कसडोल को दिये थे। खिलेश कमाने खाने चला गया था और अचानक घटना की जानकारी मिली है। वे अभी घर भी नहीं पहुंचे थे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन प्रदेश में भी मनेगा बड़ा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन देश के हर राज्य में बड़ा उत्सव मनाने की तैयारी भाजपा ने की है। इसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में हर राज्य की टोलियों की बैठक लेकर उनको दिशा निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ की टोली का नेतृत्व विधायक धरमलाल कौशिक ने किया। छत्तीसगढ़ में भी उस दिन बड़ा उत्सव होगा। भाजपा के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के साथ सामाजिक संगठन मिलकर मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के साथ भंडारों का भी आयोजन करेंगे।

**दिल्ली में भाजपा की बैठक में शामिल हुए धरमलाल कौशिक और अन्य नेताओं को मिले निर्देश**



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक दिल्ली में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं संगठन महामंत्री बीएल संतोष द्वारा देशभर से आए वरिष्ठ विधायकों के बीच श्री कौशिक को विधानसभा बिल्हा में प्रचंड मतों से जीत हासिल कर विधायक निर्वाचित होने एवं छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए सम्मानित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन एवं लोकसभा चुनाव हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया, 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है, जिसमें हम सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है कि जनता तक इसकी जानकारी पंहुचाना और जो व्यक्ति अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, उनसे अपने घर पर ही दीप प्रज्वलित करना चाहिए। बैठक में देशभर के वरिष्ठ विधायक शामिल हुए। साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़ से प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, ललित माखीजा एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव शामिल हुए।

## जांच : कांग्रेस जिला अध्यक्ष के निरीक्षण में मिली गड़बड़ी

# किसानों के धान में डंडी, वजन में डेढ़ किलो तक ज्यादा लिया जा रहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सारागांव सोसाइटी का किया निरीक्षण

धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को एक ओर जहां अपना धान बेचने के लिए बार-बार केंद्रों का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर तौलाई के दौरान किसानों के धान में डंडी मारते हुए वजन में डेढ़ किलो तक अधिक धान लिया जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रायपुर जिले के सारागांव उपार्जन केंद्र में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान केंद्र में रखा धान के आधा दर्जन कट्टों को मैनुअल कांटा में फिर से तौलाया गया, तो 40 किलो के कट्टे में किसी में 41 किलो, तो किसी में 41 किलो 500 ग्राम तक धान मिला। इस तरह एक से डेढ़ किलो तक अतिरिक्त धान चढ़ा मिला।

रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने निलजा, सारागांव एवं बंगोली धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मिलकर धान खरीदी की प्रक्रिया की जानकारी। किसानों ने उन्हें बताया कि धान बेचने के लिए कोई एक सप्ताह पहले, तो कोई 15 दिन पहले टोकन ले चुके हैं, लेकिन उनका धान अब तक खरीदा नहीं गया है। धान बेचने के लिए वे लगातार खरीदी केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं। किसानों को अब यह भी चिंता सताने लगी है कि उनका धान बिक पाएगा या नहीं, क्योंकि अब तक न ही धान खरीदी की तारीख बढ़ाई गई है और न ही खरीदी का रेसो बढ़ाया गया है। केंद्रों में खरीदा गया स्टॉक का उठाव भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसके कारण भी केंद्रों में धान की खरीदी की रफ्तार धीमी है।

### कई किसानों को बोनस राशि भी नहीं मिली

निरीक्षण के दौरान किसानों ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि सात वर्ष पहले का बोनस की राशि भी कई किसानों को नहीं मिल पाई है। किसानों के अनुसार कई खाता धारक किसान की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण उनके परिजन बोनस राशि के लिए सहकारी समितियों का चक्कर काट रहे हैं। इसके अलावा कई किसानों को एक साल का बोनस मिला है, जबकि दूसरे साल का अभी तक अप्राप्त है। धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री घनश्याम वर्मा, वीर देवांगन, चंद्रहास नायक उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं के सम्मान से होगा लोकसभा की तैयारी का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ रायपुर संभाग में पहला सम्मेलन 5 जनवरी को

प्रदेश भाजपा संगठन ने अब लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। 5 जनवरी को रायपुर संभाग में कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के लिए सम्मेलन होगा।

इसके बाद लगातार हर संभाग में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे। किसान मोर्चा को पांच हजार गांवों में एक ही दिन में जाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए कार्यसमिति की बैठक में फैसला होगा। भाजयुमो नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए कार्यक्रम करेगा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन अपने कार्यकर्ताओं का पहले कदम पर सम्मान करके उनको लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कहेगा। प्रदेश संगठन ने इसको लेकर रणनीति तैयार कर ली है। सबसे पहले रायपुर संभाग का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 जनवरी को किया जा रहा है। इसमें शक्ति केंद्रों, मंडलों के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। 6 जनवरी को दुर्ग संभाग का सम्मेलन होगा। इसके बाद बाकी संभागों के सम्मेलन होंगे।

### हर मोर्चा की जिम्मेदारी तय

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए संगठन के साथ ही अपने सभी मोर्चा की जिम्मेदारी तय कर दी है। यूं तो सभी मोर्चा महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तीन अहम मोर्चा भाजयुमो, किसान और महिला मोर्चा हैं। इनके कंधों पर ही ज्यादा भार रहता है। ऐसे में किसान मोर्चा के लिए तय किया गया है कि इस मोर्चा के एक साथ पांच हजार नेता एक ही दिन पांच हजार गांवों में जाएंगे और वहां पर रात को रहने के साथ ही गांवों के किसानों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि प्रदेश में वापस आई भाजपा सरकार के साथ केंद्र की मोदी सरकार किसानों के लिए क्या-क्या काम कर रही है। गरीबों को दिए जाने वाले 18 लाख आवासों के बारे में गांवों में बताया जाएगा। किसान मोर्चा किस दिन गांवों में जाएगा, इसकी तिथि किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में तय होगी। मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू का कहना है कि दस जनवरी से पहले कार्यसमिति की तैयारी है। इसमें मोर्चा को दी गई जिम्मेदारी पर फैसला होगा कि कब क्या करना है। महिला मोर्चा को युवतियों का सम्मेलन करने के साथ महिला खिलाड़ियों, स्वसहायता समूहों का सम्मान करने का जिम्मा दिया गया है। भाजयुमो को भी युवाओं से जुड़े काम दिए गए हैं। नए मतदाताओं को जोड़ने का भी काम किया जाना है। इसकी तैयारी में भाजयुमो लगा हुआ है। हर मोर्चा के अलग-अलग स्तरों पर सम्मेलन भी होंगे।

# सफाई वाहनों को ईंधन की दिक्कत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रामकी कंपनी ने लिया ईंधन का रिजर्व स्टाक

शहर की सफाई व्यवस्था में लगे रामकी कंपनी की 295 छोटे सफाई वाहनों को ईंधन की दिक्कत नहीं होगी। नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में घूम-घूमकर लोगों के घरों से कचरा कलेक्शन करने और सेकंडरी पाइंट तक पहुंचाने वाली कचरा गाड़ी के लिए रामकी कंपनी ने पहले से ही ईंधन की व्यवस्था कर ली है। सिटी हेड योगेश कुमार के मुताबिक पेट्रोल डीजल संकट गहराने जैसी विषम स्थिति यदि निर्मित होती है, तो आपात परिस्थिति में आयल एजेंसी सेवा कार्य में लगे सफाई वाहनों के लिए रिजर्व में ईंधन का स्टाक सुरक्षित रखेगी। इसी तरह शहर के प्रमुख मार्गों से धूल सोखने और सड़क, डिवाइडर की धुलाई कार्य में लगी रोड स्वीपिंग मशीन भी निरंतर अपनी सेवा जारी रखेगी। राजधानी के ट्रक-बस ड्राइवरों की हड़ताल और उससे ईंधन संकट से निपटने नगर निगम से अनुबंधित रामकी एजेंसी ने अपने 293 छोटे सफाई वाहनों के लिए पेट्रोल डीजल की खपत को देखते हुए ईंधन का स्टाक सुरक्षित कराया है। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में शहर के 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए रामकी एजेंसी ने 243 गाड़ियां लगाई हैं। इसके अलावा 52 सफाई वाहन रिजर्व में रखे गए हैं। साथ ही ट्रांसफर स्टेशन के लिए अलग से बड़ी गाड़ियों का उपयोग इन दिनों किया जा रहा है। इन सब वाहनों को ईंधन की परेशानी ना हो, इसके लिए दो दिन पहले अनुबंधित एजेंसी ने संबंधित डीलर से बातचीत कर पेट्रोल-डीजल का स्टाक सुरक्षित करवा लिया है। इससे आने वाले दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था यथावत रहेगी।




### रोड स्वीपिंग मशीन की टंकी फुल, सड़क की सफाई-धुलाई नहीं होगी बाधित

शहर के टू लेन, फोर लेन, सिक्स लेन सहित प्रमुख मार्गो से धूल साफ करने और सड़क तथा डिवाइडर की धुलाई के लिए लगाई गई गाड़ियों को ईंधन की दिक्कत नहीं आएगी। मुंबई की अनुबंधित एजेंसी ग्लोबल गूच ने अपनी 10 गाड़ियों के लिए ईंधन की पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। 4 रोड स्वीपिंग मशीन सहित धूल उठाने वाली गाड़ियों और धुलाई कार्य में लगी मशीन वाली गाड़ी के टैंक फुल कर दिए गए हैं। इधर नगरनिगम के मोटर वर्कशाप स्थित पेट्रोल पंप में भी अलग-अलग जोन, निगम मुख्यालय सहित नगर निगम के विभिन्न विभागों के गाड़ियों के लिए डीजल, पेट्रोल की व्यवस्था कर ली गई है। इसीलिए निगम की आवश्यक सेवाओं पर इसका असर फिलहाल नहीं पड़ेगा।

# 24 घंटे ब्लड टेस्ट, डीकेएस की तरह अन्य अस्पतालों में भी लागू होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार्ज लेने के बाद एक्शन पर आए हेल्थ मिनिस्टर श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को डीके अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां ब्लड सहित चौबीस घंटे मिलने वाली सीटी स्कैन जांच सुविधा से प्रभावित होकर सिस्टम अन्य सरकारी अस्पतालों में लागू करने की बात उन्होंने कही। अस्पताल की सफाई, रेडियोलॉजी जांच सिस्टम तथा आयुष्मान योजना में ज्यादा उपचार से वे काफी प्रभावित हुए।

स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार सुबह अचानक डीके अस्पताल पहुंचे। उस दौरान ओपीडी में मरीजों की जांच और इलाज चल रहा था। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा किया इस दौरान एक महिला मरीज ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत उनके कार्ड के इलाज की राशि समाप्त हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने राशि बढ़वाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अस्पताल के चिकित्सकों को जरूरत के हिसाब से आधुनिक



सुविधा जुगाड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार करना है। स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों में जो कमियां हैं, उसे किस तरह सुधारा जा सकता है, इस बारे में निरीक्षण और विशेषज्ञों से चर्चा के माध्यम से वे फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीके अस्पताल में आवश्यकता के हिसाब से अन्य सुपरस्पेशलिटी सुविधाएं जुटाई जाएंगी, ताकि मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों की ओर जाने की आवश्यकता ना हो।

### किडनी ट्रांसप्लांट नहीं

राज्य के इस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में अभी तक किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। इसके लिए पिछली सरकार द्वारा कई बार जरूरी उपकरणों का प्रस्ताव तो तैयार करवाया, मगर इसकी व्यवस्था के लिए राशि स्वीकृत नहीं की। राज्य के निजी अस्पतालों और एम्स में यह सुविधा मिल रही है, मगर डीके अस्पताल इससे पिछड़ा हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे संबंधित उपकरणों के बारे में भी जानकारी ली।

### रहने को ठिकाना नहीं

अस्पताल में इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले अटेंडरों के लिए डीके अस्पताल में अस्थायी ठिकाने का अभाव है। यहां आने वाले मरीजों के परिजन परिसर की पार्किंग में डेरा डालकर रात बिताने को मजबूर होते हैं। डीके अस्पताल की तरह अन्य सरकारी अस्पतालों में भी अटेंडरों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिए विभागीय स्तर पर योजना बनाने की तैयारी की जा रही है।

# पंपों में ड्राई के हालातों से निपटने प्रशासन एक दिन बाद जागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रक-बस चालकों की हड़ताल के कारण जिले के 30 प्रतिशत से ज्यादा पेट्रोल-पंपों में ड्राई के हालात बन चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भी ड्राई के हालातों से निपटने के लिए मंगलवार को ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और अन्य आपूर्ति के सामान अतिआवश्यक सेवाओं में आते हैं। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी ट्रांसपोर्टर अपने वाहन चालकों से चर्चा कर सुविधाएं निरंतर जारी रखें, ताकि पेट्रोल पंपों में ड्राई के हालात न बन पाएं।



कलेक्टर सभागार में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि सभी डिपो में संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नंबर लिखे जाएंगे और इसे वाहन चालकों के मध्य जारी किए जाएंगे, ताकि उन्हें आपूर्ति के समय आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा प्रदान की जा सके। अपर कलेक्टर ने ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों को आश्वस्त किया कि उन्हें आवश्यता पड़ने पर हरसंभव सहायता की जाएगी। बैठक में खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, एडिशनल एसपी सचिन्द्र चौबे, आरटीओ अधिकारी कीर्तिमान राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अब आईआईटी की तर्ज पर शुरू होंगे छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी प्रारंभ करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने व्यापम के अधिकारियों से बैठक में कहा कि व्यापम द्वारा निकट भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए पहले आयोजित कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी परीक्षा के पेपर लीक न हों। भर्ती परीक्षा में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए अधिकारियों को अग्निवीरों की भर्ती का कोटा बढ़ाए जाने के लिए आर्मी हेडक्वाटर को इस संबंध में जल्द अनुरोध पत्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई में उद्योगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नए ट्रेड की शुरुआत की जाए, जिससे युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सके।

### खाली पदों की जानकारी भेजें बेरोजगारों को

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रोजगार कार्यालय से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों को एसएमएस भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार रोजगार कार्यालयों में बेरोजगार अभ्यर्थियों के डाटा का सुव्यवस्थित संधारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को रोजगार मिल जाता है, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं। इसी प्रकार इंजीनियरिंग कॉलेज व पॉलीटेक्निक के सेवा भर्ती नियम का अनुमोदन सामान्य प्रशासन विभाग से जल्द कराने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिए। उन्होंने केले के पत्ते से दोना-पत्तल बनाने तथा केले के तने के रेशे से झोले तथा कपड़े बनाने के लिए एक प्रशिक्षण कोर्स तथा इसकी एक यूनिट की स्थापना करने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने भी कहा। बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रभारी संचालक डॉ. एसके सिंघई ने विभागीय कामकाज की विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### माथुर को जन्मदिन पर बधाई देने जयपुर पहुंचे साव, बृजमोहन, केदार

रायपुर। प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओम माथुर को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और केदार कश्यप मंगलवार को जयपुर पहुंचे। प्रदेश के मंत्रियों ने श्री माथुर से मिलकर उनको जन्मदिन की बधाई दी। श्री माथुर से मिलने के लिए प्रदेश के और भी कई विधायक जयपुर पहुंचे और उनके निवास पर मुलाकात करके उनको बधाई दी।

### आईएमए रायपुर चैप्टर के डॉ. गुप्ता दोबारा अध्यक्ष

रायपुर। चिकित्सकों के सबसे बड़े संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर चेप्टर के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश गुप्ता को सौंपी गई है।



रायपुर के चेप्टर के उपाध्यक्ष डॉ. किशोर झा, डॉ. अशोक बजाज, सचिव डॉ. दिग्विजय सिंह, सलाहकार डॉ. ललित शाह, डा. विजय पी. माखीजा, डॉ. महेश सिन्हा, डॉ. महेन्द्र देवांगन, डॉ. संदीप दवे, डॉ. महेश सिन्हा, डॉ. अशोक भट्टर, डा. चंद्रिका साहू तथा डॉ. संजय शर्मा को बनाया गया है।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने घायल जवानों से की मुलाकात



रायपुर। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मंगलवार को राजधानी स्थित श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने नवंबर-दिसंबर माह में बस्तर इलाके में आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ पुलिस के 4 जवान अरविंद एक्का, कुंजाम जोगा, रोशन हिकमी और सुरेश कुमार मिच्छा तथा सीएपीएफ के जवान इंद्रजीत प्रसाद सिंह एवं मणिकांदन का इलाज चल रहा है। श्री शर्मा ने घायल जवानों से कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत हो तो उनसे संपर्क कर सकते हैं, साथ ही उन्होंने चिकित्सकों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने पर चर्चा की। इस अवसर पर आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब, डीजीपी अशोक जुनेजा, पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, डॉ. सुनील खेमका एवं हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।

### मंत्री नेताम ने ली कृषि अधिकारियों की बैठक




रायपुर। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने मंगलवार को अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंडी बोर्ड के सभाकक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग प्रदेश के किसानों और आम नागरिकों से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। किसानों की सुविधा और बेहतरी के लिए प्राथमिकता के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने प्राथमिकता के तौर पर केंद्रीय और राज्य प्रवर्तित योजनाओं का गुणवत्तापूर्वक और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने को कहा। समीक्षा बैठक में मंत्री श्री नेताम ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को विशेष पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने सरगुजा में भी फर्टिलाईजर लैब की स्थापना की जाए।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष का आरंभ मानस पाठ से हुआः अलका

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम खैरटखुर्द में प्रतिवर्ष की भांति इस नववर्ष का शुभारंभ रामचरितमानस पाठ से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलका चंद्राकर भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति गत सात आठ वर्षो से ग्राम खैरटखुर्द में पश्चात नववर्ष का शुभारंभ रामचरितमानस पाठ से होना हम सबके लिए खुशी की बात है। मैं स्वयं कई वर्षों से इस नववर्ष में शामिल होते आई हूं। इस भौतिकवादी युग में युवा वर्ग अंग्रेजी नववर्ष में नाच गाना, मांस मंदिर का सेवन कर नववर्ष का आनंद लेते हैं। इसके विपरीत खैरटखुर्द में रामचरितमानस सत्संग होना हम सबके लिए प्रेरणादायक है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हम सबके आदर्श हैं। सबके रोम रोम में बसे हैं। भारत की आत्मा भगवान राम है। भगवान राम के आदर्श को हम सबको अपने जीवन में उतरना चाहिए, तभी हमारा गांव भी राम राज्य की कल्पना कर सकते हैं। खुशी की बात है कि श्रीराम 22 जनवरी को अपने पक्के आवास में पूर्ण विधि विधान से प्रवेश ले रहे हैं। इस दिन प्रत्येक गांव व मोहल्ला में दिवाली का उत्सव मनाना है। भजन कीर्तन मंडली रामायण पाठ होंगे। इस अवसर पर सरपंच ईश्वर ठाकुर, मोहर ठाकुर, संजय मालवीय, भावेश पुरोहित, नेतराम साहू, नूतन साहू, ललित चंद्राकर, जनक चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

### पंचायत सचिव संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने सुनील

**पिथौरा।** पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष का चुनाव बुधवार 3 जनवरी को सांकरा स्थित समरसता भवन में गहमा गहमी के बीच शांति पूर्ण ढंग से हुआ। जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार थे। इनमें सर्वसम्मति से सुनील कुमार साहू के पक्ष में सहमति बनी एवं निर्विरोध साहू को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासमुंद जिला अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा संपादित किया गया। सचिव संघ जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए मतदाता महासमुन्द जिला अन्तर्गत आने वाले पांच विकासखंड के मनोनीत अथवा निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव थे। चूंकि, जिला संघठन ने पूर्व में ही ठान लिया था कि जिला अध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचन किया जाना है। मतदाता महासमुंद जिले के अंतर्गत आने वाले पांचों विकासखंड के पांच अध्यक्ष एवं पांच सचिव मतदाता थे। निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्व बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक सचिव जो जिला अध्यक्ष के मतदाता है वह आपस में चर्चा कर एक नाम सर्व समिति से निर्वाचन अधिकारी को सौंपेंगे।

पेज 9 का शेष...

### जिले से गुजरेगी रेल...

की सुविधा मिलेगी। सूत्रों द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार इस नई रेल कारिडोर के रायगढ़ जिला के 14 ग्राम, जांजगीर जिला के 53 ग्राम, बिलासपुर जिला के 7 ग्राम, बलौदाबाजार जिला के 34 ग्राम, रायपुर जिला के 26 ग्राम तथा दुर्ग जिला के 22 ग्राम से होकर निकलेगी। इस दौरान बनाये गये रेलवे स्टेशन से उक्त ग्रामों के अलावा आसपास के अन्य इलाकों के यात्रियों को भी रेल सुविधा का लाभ मिलेगा।

## कई विभागों ने लगाए स्टाल, स्वास्थ्य शिविर में 245 मरीजों की हुई जांच

# सरकारी योजनाओं का खजाना लेकर लछनपुर पहुंची भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

फ्लैगशिप शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों के शत-प्रतिशत भागीदारी एवं योजनाओं के प्रति जागरूकता संबंधित गतिविधि अभियान अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रथम चरण ग्राम पंचायत लछनपुर में आयोजित किया गया।

इसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लिए ग्राम पंचायत लछनपुर के पंचायत सचिव सोम कुमार साहू द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, महत्वपूर्ण शिक्षा बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं मिशन के माध्यम से संतृप्त के लिए सभी लक्षण और पत्रहित लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जिला ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत लछनपुर में सक्रिय भागीदारी एवं कार्य कुशल समन्वय को देखते हुए आयोजित की गई। इस विकसित




भारत संकल्प यात्रा में राज्य एवं भारत सरकार और राज्य की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषाक सेवाएं, एलपीजी गैस कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा की जानकारी दी। इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अलावा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत एवं सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित की गई विकसित संकल्प भारत यात्रा में आयुष्मान भारत गरीब कल्याण अन्य योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्म योजना, पीएम किसान सम्मन निधि, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा योजना, अटलपेंशन योजना की जानकारी दी।

### सभी विभागों से मेरी कहानी मेरी जुबानी की दी प्रस्तुति

इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र ग्रामीण विकास विभाग सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे महत्वपूर्ण विभागों की स्टाल लगाए गए एवं सभी विभागों से मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत प्रस्तुति दी गई। मुख्य आकर्षण का केंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। ग्राम पंचायत लछनपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से प्रभारी वीणा वर्मा, रोशन मानिकपुरी, धनेश साहू, ज्ञानसिंग ध्रुव, संजय पैकरा, देव प्रसाद यदु, रामा वर्मा, रूबी वर्मा, प्रदीप वर्मा, राधे वर्मा, प्रमोद तिवारी उपस्थित होकर टीबी, आंख, सुगर जांच की गई। प्रभारी वीणा वर्मा ने बताया यहां 245 मरीजों की जांच हुई, जिसमें बीपी, सुगर, सिकलिंग, सर्दी-खासी, चर्म रोग वाले मरीज की भी जांच की गई।

# रामायण से मिलती है भगवान राम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

रामायण वह पवित्र ग्रंथ एवं अमृत कथा है, जो भगवान राम द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने व जीवन जीने की प्रेरणा देता है। अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम घिरघोल में आयोजित रामायण कार्यक्रम के अवसर पर महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि भगवान राम ने मानव जीवन में विभिन्न रिश्ते मां, बाप भाई और अन्य पारिवारिक रिश्तों को मर्यादित ढंग से निभाते हुए जीवन यापन करने का आदर्श प्रस्तुत किया है, इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा गया है।

उन्होंने कहा भारत संत महात्माओं का देश है। संत महात्माओं के विचारों और उपदेशों से परोपकार की भावना प्रवाहित होती है। आयोजन समिति ने इस धार्मिक आयोजन से नवपीढ़ी को संस्कृति सभ्यता की सीख दे रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्य हमेशा होते रहना चाहिए, जिससे क्षेत्र और समाज का वातावरण शांति की ओर अग्रसर रहता है। इस प्रकार के धार्मिक सामाजिक कार्यों के लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव तत्परता से आप लोगों के सहयोग आगे है। उन्होंने 22 जनवरी अयोध्या धाम में बन रहे श्रीराम मंदिर का स्थापना के अवसर पर अपने अपने घरो में दीप जलाने आह्वान किया। उक्त अवसर पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच हेमकुमार साहू, लीलाधर साहू, सोमेश साहू, रमन यदु रमाशंकर बंजारे , सहित बहुत संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन विष्णु वैष्णव जी ने किया।

# विश्व विद्यालय प्रावीण्य सूची में अंचल की दो छात्राओं का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी





प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, अगर मन में दृढ़ संकल्प हो तो सब संभव है। इस बात को एक बार फिर सिद्ध किया है पलारी अंचल की दो छात्रओं ने।

कुकदा निवासी मयाराम घृतलहरे की पुत्री दिव्या घृतलहरे और अछोली निवासी शंकरलाल वर्मा की पुत्री दुर्गेश्वरी वर्मा ने। एम ए हिंदी में क्रमशः तीसरा और आठवां स्थान बनाकर अंचल को गौरवान्वित किया है। विदित है कि दुर्गेश्वरी शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार और दिव्या शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में अध्ययनरत थे। पारिवारिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद दोनों ने अपनी पढ़ाई जारी रखी और संघर्ष करते हुए एक नई मिसाल कायम करने में सफल हुए हैं। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, पारिवारिकजनों और अंचल के हिंदी प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

# नगर में भागवत महापुराण जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आरटीओ ऑफिस के पीछे गौरवपथ में बुधवार को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की शुरुवात हुई। कथा के प्रथम दिन कलश यात्रा एवं गौकर्ण व्याख्यान की कथा सुनाई गई। विदित हो की 3 से 11 जनवरी तक चलने वाले इस भागवत महापुराण कथा के वाचक पंडित पुनेश्वर तिवारी है। प्रथम दिन की कथा की शुरुवात गौकरण व्याख्यान के साथ हुई। कथा में बताया की जन्म–जन्मांतर एवं युग–युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। धुंधकारी को मोक्ष भागवत कथा सुनने पर ही मिला था। भागवतपुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है।

# पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति का ऑनलाइन पंजीयन 15 जनवरी तक होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति का ऑनलाइन पंजीयन 15 जनवरी तक किया जाएगा। इसकी सूचना सभी संबंधित शासकीय और अशासकीय संस्थाओं को भेज दी गई है।

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में बलौदाबाजार भाटापारा जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023–24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन 15 जनवरी तक निर्धारित है। वहीं ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 25 जनवरी तक और स्वीकृति आदेश लॉक करने के लिए 10 फरवरी तक तिथि निर्धारित है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2023–24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं ड्राफ्ट प्रस्ताव एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

सत्र 2023–24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करें।

# बालसमुंद जलाशय में एनडीआरएफ टीम का बाढ़ बचाव परिदृश्य मॉक ड्रिल आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

द्वितीय कमान अधिकारी तृतीय वाहिनी एनडीआरएफ मुंडली द्वारा बाढ़ बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉक अभ्यास 4 जनवरी को प्रातः 11 बजे पलारी विकासखण्ड स्थित बालसमुंद जलाशय में किया जाएगा। मॉक अभ्यास के लिए स्थल चयन हेतु बालसमुंद जलाशय का जायजा जिला आपदा प्रभारी संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे की उपस्थिति में बुधवार को टीम द्वारा लिया गया।

मॉक अभ्यास के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु तहसील कार्यायल पलारी में संबंधित विभाग जैसे राजस्व, पुलिस, नगर सेना, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाधन, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी टीम लीडर द्वारा दी गई।

इस दौरान टीम लीडर पवन जोशी, जनपद सीईओ रोहित नायक सहित सहायक टीम लीडर एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# औरेठी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा


ग्राम औरैठी में बुधवार को क्रेंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत ग्राम के सरपंच तेजराम वर्मा के साथ उपसरपंच व पंचों ने किया।

शिविर में सर्वप्रथम राष्ट्रगान व राजगीत के साथ केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत, आयुष्मान योजना, मनरेगा, आजीविका मिशन, उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि सहित अनेक योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं योजनाओं के लाभार्थियों ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिविर में समस्त विभागों के अधिकारी - कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पेंशन प्रकरण में निलंबित बाबू जितेंद्र को हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद डीईओ ने किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल में तत्कालीन पदस्थ सहायक ग्रेड 2 जितेन्द्र कुमार खुंटे को पेंशन प्रकरण मामले में लापरवाही बरतने पर बीईओ के पत्र के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया था। इसके बाद निलंबित बाबू ने निलंबन को गलत बताकर तमाम मामलों को लेकर हाइकोर्ट का शरण लिया, जहां हाइकोर्ट ने मामलों को संज्ञान में लेकर सचिव, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निलंबित बाबू को बहाल कर पदस्थापना देने निर्देशित किया। इसके बाद उक्त बाबू को बहाल कर बीईओ कार्यालय कसडोल में पुनः पदस्थ किया है। हाईकोर्ट बिलासपुर द्वारा पारित आदेश के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल ने पदस्थापना देने की सूचना डीईओ को पत्र



लिखकर जानकारी दी है। बीईओ ने पत्र में कहा कि हाईकोर्ट बिलासपुर द्वारा पारित आदेश जितेन्द्र कुमार खुटे सहायक ग्रेड 02 को कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल में यथावत बहाल किया गया है, उपरोक्तानुसार आदेश के परिपालन में जितेन्द्र कुमार खुटे सहायक ग्रेड 02 द्वारा 29.12.2023 को पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## कर्मचारी-अधिकारी वर्ग ने मनाई गुरु बाबा की जयंती

# सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गुरु घासीदास ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां नगर में 1 जनवरी को अधिकारी-कर्मचारी संघ ने गुरु घासीदास की जयंती मनाई। जयंती पर समाजिक सदस्यों ने शोभायात्र निकाली। सतनाम शोभा यात्रा में बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे एवं बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन शामिल हुए, जिसमें सरसीवां परिक्षेत्र के सतनामी समाज के अधिकारी कर्मचारी वर्ग सहित आस पास के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सर्व प्रथम गुरु घासीदास बाबा का पूजा अर्चना कर जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। इस दौरान सतनामी समाज के अधिकारी-



कर्मचारी वर्ग ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की बाबाजी ने छुआछुत जैसी कुरीति से दूर रहने, सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का जो संदेश दिया है, उनके बताए मार्ग पर हम सभी को अनुकरण करना चाहिए। समाज के अधिकारियों ने बताया की मनखे–मनखे एक समान है सभी व्यक्ति एक समान है और इसमें कोई भेदभाव नहीं है इस संदेश को पूरी दुनिया में फैलाना है। उन्होंने कहा कि समाज में ऊंच–नीच, जाति–पाति, अस्पृश्यता जैसे भेदभाव नहीं होना चाहिए। उनके उपदेश मानव–जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। प्रबुद्ध जनों ने कहा कि सत्य ही है जो प्रत्येक प्राणी के घट–घट में समाया हुआ है। सत्य ही मानव का आभुषण है। अतः सत्य को मन, वचन, कर्म से जीवन मे उतारकर सत्कर्मी एवं सतगुणी बने। इस धरती पर सभी मानव बराबर व एक समान है। अंधविश्वास, रुढ़िवाद, आडंबर , छुआछुत, ऊंच–नीच,जाति–पाति, भेदभाव, जाति प्रथा, नशापान, जैसे अनैतिक कार्य को पूरे समाज को छोड़ना चाहिए तथा काम क्रोध , मोह लोभ, घृणा, करूणा, सहानुभूति जैसे मानवीय गुणों को अपनाना चाहिए। इस जयंती कार्यक्रम में आयोजक वर्ग ने सभी शामिल अनुवाइयों का आभार व्यक्त किया।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### किशनपुर में 3 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में एक युवक से तीन लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अजय राणा पिता गौतम राणा 21 वर्ष निवासी किशनपुर द्वारा अवैध रूप से बिक्री के लिए महुआ शराब रखा था, जिसे पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सहित पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमती 600 रूपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की है।

### कार की ठोकर से घायल महिला की मौत

**महासमुंद।** बीते दिनों तेंदूकोना थाना के ग्राम नवाडीह मार्ग पर कार की ठोकर से घायल हुइ महिला का इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला बीते 27 दिसंबर की है। चालक गोहित ठाकुर निवासी बगारपाली अपनी कार को तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए भगेईया पति स्व इंद्रजीत बरिहा 75 वर्ष निवासी नवाडीह को ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

### खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गुलशन चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि हनुमान मंदिर के आसपास लोग गंदगी फैलाते हैं। लोगों से अपील की है कि मंदिर के आसपास साफ सफाई रखें।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक शुक्रवार 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के महानदी सभाकक्ष में कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता एवं जिला जल उपयोगिता समिति के सचिव एचआर यादव ने बताया कि बैठक में जिले के वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई जलाशयों से खरीफ सिंचाई पश्चात शेष जल रबी सिंचाई तथा निस्तार के लिए आवश्यक जल को सुरक्षित रखने व रबी में फसल निर्धारण के संबंध में चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को नियत समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इसमें मालती पटेल, उमा साहू, सुमन यादव, अल्फु साहू, सकती साहू, पुलकित पटेल, जय साहू, चन्द्रकला, डेविका, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

### बाइक से शराब परिवहन करते दो धरे गए

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर रोड पेट्रोल पंप के पास अवैध रूप से बिक्री के लिए मोटर सायकल से परिवहन कर रहे शराब के साथ दो पकड़ाए। जानकारी के मुताबिक सुरेन्द्र दास पिता विरेन्द्र 30 वर्ष नयापारा महासमुंद निवासी और एक अन्य व्यक्ति मोटर सायकल से भलेसर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने दोनों को रोकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 9375 एमएल देशी प्लेन शराब कीमती 4000 रूपए बरामद किया गया। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 20 हजार रूपए को कब्जे लेकर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

### धनसिंग ठाकुर का निधन

**नर्रा।** ग्राम लामीसरार (उखरा) निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक धनसिंह ठाकुर (75) का 2 जनवरी मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे दिलीप सिंह, प्रीतम सिंह ठाकुर के पिता थे।

# श्रीलंका की अशोक वाटिका से निकाली गई यात्रा आज पहुंचेगी कटगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

15 दिसंबर से श्रीलंका से निकली 'रामराज्य युवा यात्रा' 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। इससे पहले यह ऐतिहासिक यात्रा 4 जनवरी को कसडोल विधानसभा के ग्राम कटगी पहुंचेगी। यात्रा का अलग-अलग शहरों में विभिन्न संगठनों और सनातनियों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। इस यात्रा के स्वागत के लिए कटगी के रहवासियों में खुशी का माहौल है।

यात्रा कल सुबह राजधानी रायपुर से सुबह 9 बजे रवाना होकर, मुरा, पलारी, सिरपुर, तुरतुरीया होते हुए तकरीबन शाम 4 बजे विकासखंड के ग्राम कटगी पहुंचेगी। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व प्रदोष सुरेश चहाणके कर रहे हैं। यात्रा का मार्गदर्शन रामायण सर्किट के अध्यक्ष के डॉ. रामअवतार शर्मा कर रहे हैं, जो इस मार्ग पर पूर्व में ही 18 बार यात्रा कर चुके हैं और अपना पूरा जीवन श्रीराम वनगमन पथ की खोज और शोध में कर चुके हैं।

**यात्रा का उद्देश्य संस्कारों को बढ़ावा देना**-इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में श्रीराम के चरित्र निर्माण व संस्कारों को बढ़ावा देना, समाज के अंदर के रावणों का अंत करना, परिवारों में प्रबोधन से एकता व आत्मीयता का निर्माण करना, राष्ट्र-धर्म भक्ति को बढ़ावा देना, वनवास के समय श्रीराम को सहयोग करने वाले वनवासियों का धन्यवाद करना है। क्योंकि प्रभु श्रीराम रावण से युद्ध जीतने के बाद अयोध्या पुष्पक विमान से गए थे, इसलिए लौटते समय वनवासियों को मिल नहीं पाए थे।

## प्रभु श्रीराम और माता जानकी की चरण पादुका लेकर 'रामराज्य युवा यात्रा' पर निकले हैं प्रदोष चव्हाणके

### यात्रा में प्रमुख रूप से शामिल होने वाली विभूतियां

यात्रा में आचार्य महामंडलेश्वर, जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज आचार्य सभा के महासचिव, महामंडलेश्वर परमात्मानंद सरस्वती महाराज, बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री, विख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के अलावा कई और साधु संत, कथावाचक और मीडिया के मित्रों के साथ कई धार्मिक विभूतियां भी शामिल हो रही हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों और सामाजिक-धार्मिक संगठन के लोग भी बढ़ चढ़ कर इस दिव्य यात्रा में अपना योगदान कर रहे हैं।




### यात्रा से जुड़ी बड़ी बातें

रामराज्य युवा यात्रा श्रीराम से संबंधित सभी पौराणिक महत्व वाले स्थानों पर जा रही है। यही नहीं श्रीराम के वनवास काल के लोकप्रिय प्रसिद्ध स्थलों पर धर्म संसद, कविता पाठ और पूज्य संतों के समागम कराये जा रहे हैं। साथ ही यात्रा उन महत्वपूर्ण पड़ावों पर भी पहुंच रही है जो अब भी आम जनमानस से अनछुई रह गई है। यात्रा के दौरान हम श्रीराम के जीवन से जुड़े तमाम अनछुए पहलुओं को भी प्रकाश में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## स्पर्धा : क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

# खेल हार-जीत के लिए नहीं बल्कि सीखने के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला।




ग्राम मटिया में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एमसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित किया गया। इसके पुरस्कार वितरण में प्रदेश के खेल युवा कल्याण एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा की खेल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेल हार-जीत के लिए नहीं खेला जाता। खेल हमेशा सीखने के लिए खेला जाता है। ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों ने मटिया में मिनी स्टेडियम की मांग रखी, जिस पर उन्होंने पहले मैदान को खेल मैदान के लिए आरक्षित करने बाद मिनी स्टेडियम बनाने की बात कही। इस अवसर पर युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने की बात कही और एक स्वच्छ समाज के निर्माण के बात कही। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, जनपद सदस्य तुका राम जोगी, सरपंच बंशीलाल साहू ने भी सभा को सम्बोधित किया। यह प्रतियोगिता 9 दिनों तक चली, जिसमें निर्धारित 32 टीमें शामिल हुई। सड्डू और विश्रामपुर टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमे विश्रामपुर, नकटी पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 57 रन बना पाया। जवाब में सड्डू की टीम 7.4 ओवर में 60 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुड़ीपार तीसरा और तुरमा ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार, भाजयुमो अध्यक्ष करन वर्मा, फरहदा जनपद सदस्य महिष जांगड़े, तोमन साहू, विनोद वर्मा, निकेश देवांगन, सत्या जोगी, सुनील वर्मा, उत्तम वर्मा, सत्य प्रकाश साहू, योगेंद्र साहू, टीम के संरक्षक मनोज साहू, कैप्टन रोशन साहू, उप कैप्टन कमलेश साहू, यशवंत साहू, महेंद्र साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी

**लवन।** ग्राम अहिल्दा एवं सरखोर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय क्रीडा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत अहिल्दा के खेल मैदान में 3 जनवरी से किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। विधायक ने कबड्डी खेल कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप साहू ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे भी खेलकूद से बहुत लगाव है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। कोरोना काल के बाद स्कूलों में खेलकूद आयोजन पूरी तरह से बंद था, अब धीरे-धीरे बच्चों को खेलने कूदने का अवसर मिल रहा है। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता से प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को खेलकूद के माध्यम से ब्लॉक, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर में जाने का अवसर प्राप्त होता है। आप सभी बच्चे पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद को भी महत्व दें। हमारे देश में खो–खो कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट, बैटमिंटन, फुटबाल आदि सैकड़ों प्रकार के खेलकूद होते हैं। आज क्रिकेट खेल हो या हॉकी, खेलों में भारत ने इतिहास रचा है। आप सभी भी पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद में भी ध्यान दें। स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के लिए आयोजन कर्ताओं को बधाई दी। प्रथम दिवस कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, रस्सी दौड़ एवं द्वितीय दिवस व्यक्तिगत खेल दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ एवं अंतिम दिन खेलों का फाइनल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों सहित देवीलाल बार्वे, प्रताप डहरिया, मुरारी साहू, देव यादव, अंकित साहू, पोशकुमार, मुरली साहू, शिक्षकगण अरविंद मिश्रा, ज्ञान प्रकाश पांडे, भोज राम वर्मा, अरुण साहू, मनोज ध्रुव, आशीष तिवारी, शालनी बाजपेई, मुक्ति काले, संगीता काले, रितु पटेल, जाली दत्ता, सौरभ पांडेय, वेजुला टंडन, योगेंद्र सोनवानी, संतोष कुर्रे, अभिमन्यु साहू, सतेंद्र मनहरे, साधना खरे, गिरधर, गोविंद कुमार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# निर्वाचन के राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 10 जनवरी तक नामांकन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर राज्य स्तर पर निर्वाचन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को पुरस्कार करने का निर्णय लिया है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए उत्सुक समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) अपने जिले में निर्वाचन से संबंधित संपन्न गतिविधियों को निरूपित करते हुए अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप में 10 जनवरी तक सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित करेंगे। इन राज्य स्तरीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार (प्रारूप–1), मतदाता जागरूकता में सर्वश्रेष्ठ जिला (स्वीप) पुरस्कार (प्रारूप–2) शामिल हैं। उत्सुक आरओ व एआरओ अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (3) में 10 जनवरी तक सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ), छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित करेंगे। उत्सुक उप जिला निर्वाचन अधिकारी (प्रारूप–4) में और निर्वाचन पर्यवेक्षक (प्रारूप –5) में अपना नामांकन संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को अनुशंसा प्रस्ताव सहित 10 जनवरी तक सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित करेंगे।

### जूरी और स्लोगन पुरस्कार के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन 5 तक जमा होंगे

विशेष जूरी और क्रियेटिव स्लोगन पुरस्कार के लिए निर्वाचकीय कार्यों में उत्कष्टता के साथ कार्य करने वाले उत्सुक व्यक्ति, संस्था, पदाधिकारी, निर्वाचन प्रक्रिया में समयावधि में संपादित निर्वाचकीय कार्यों में अपने योगदान एवं उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए रंगीन फोटो एवं वीडियो क्लिप, न्यूज पेपर कटिंग को संलग्न कर अपना नामांकन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप–6 में और सर्वश्रेष्ठ क्रियेटिव स्लोगन के लिए प्रारूप–7 में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को 5 जनवरी तक प्रस्तुत करेंगे, जिसे डीइओ द्वारा अनुशंसा सहित सीईओ छ.ग. को प्रेषित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ क्रियेटिव नारा लेखन (स्लोगन) अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला एवं राज्य स्तर पर समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु, सोशल मीडिया में प्रयोग तथा होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और दीवारों पर नारा लेखन में प्रयुक्त होने वाले क्रियेटिव एवं मतदाता जागरूकता के संदेशों को उत्कष्टता से डिजाइन करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा।

### ईआरओ–एईआरओ के लिए संभागायुक्त को नामांकन 5 तक

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईआरओ पुरस्कार हेतु प्रारूप–8 में और एईआरओ पुरस्कार हेतु प्रारूप–9 में नामांकन संभागायुक्त को 5 जनवरी तक प्रेषित किया जाएगा। उत्सुक सहायक प्रोग्रामर द्वारा पुरस्कार प्रारूप–10 में और डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा पुरस्कार प्रारूप–11 में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को 5 जनवरी तक प्रस्तुत करेंगे। जिसे डीईओ द्वारा संभागायुक्त को 8 जनवरी तक प्रेषित किया जाएगा। संभागायुक्त को प्राप्त नामांकन का चयन कर सीईओ को 10 जनवरी तक चयनित विवरण भेजा जाएगा।

# अक्षत कलश यात्रा मोहरा पहुंची, बाजे-गाजे के साथ किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश का मोहरा पहुंचने पर लोगों ने बाजा गाजे के साथ भव्य स्वागत किया।

इसके पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई, जो गायत्री मंदिर मोहरा से प्रारंभ होकर गांव के दुर्गा चौक, लीला चौक, सत्य बिहिनिया चौक, महावीर चौक, महामाया मंदिर से रामनगर स्कूल पारा, गुड्डी चौक, शारदा चौक होते हुए गायत्री मंदिर में अक्षत कलश को रखा गया। इस अक्षत कलश का वितरण हिरमी, भालेसुर, बरडीह, परसवानी, सकलोर, कसहीडीह, पंडरी और अमेरी में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुहेला शिव कटारिया, माया वर्मा, हेमीनवर्मा, कुमारी वर्मा, सरिता वर्मा, प्रमिला वर्मा, कुमारी वर्मा, पंच जानकी साहू, लता वर्मा, अंजू वर्मा, सुधु साहू, रामधुनी मंडली के साथी शत्रुघ्न सेन, सेवाराम वर्मा, यासरामबघमार गांव के बुजुर्ग, बच्चे सहित ग्रामीण शामिल थे।

# जिले के दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र बनना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के दिव्यांगजनों की इस दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) समस्या को गंभीरता से लेते हुए संचालक स्वास्थ्य सेवा रायपुर सहित कलेक्टर रायगढ़ से जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ में मेडिकल बोर्ड के गठन होने तक रायगढ़ मेडिकल बोर्ड को संबद्ध किए जाने तथा रायगढ़ मेडिकल बोर्ड से ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड जारी करने पत्रचार किया। इस पर कलेक्टर रायगढ़ के समन्वय से नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में मेडिकल बोर्ड का गठन होने तक दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के लिए रायगढ़ मेडिकल बोर्ड को निर्देशित किया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के निर्देश पर उप संचालक समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी द्वारा रायगढ़ मेडिकल बोर्ड से समन्वय कर ग्राम पड़कीडीपा निवासी शीला चौहान का दिव्यांगता प्रमाण–पत्र एवं यूडीआईडी सीएमएचओ पोर्टल से जारी कर उपलब्ध कराया गया। आवेदिका शीला चौहान ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए प्रसन्नता जाहिर करते हुए कलेक्टर के प्रति आभार जताया।



उल्लेखनीय है कि नवगठित जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का गठन नहीं होने के कारण विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र यूडीआईडी) से वंचित दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे जिले के दिव्यांग व्यक्तियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे निराश्रित पेंशन, शिक्षा, रोजगार आदि से लाभ प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। योजनाओं से लाभ प्राप्ति के लिए यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र अत्यंत आवश्यक दस्तावेज है। जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ के अनेक दिव्यांगजनों सहित तहसील–बरमकेला के ग्राम–पड़कीडीपा निवासी भम्बर चौहान द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण–पत्र एवं यूडीआईडी जारी करने संबंधी आवेदन कलेक्टर जनदर्शन में दिया था।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक ली

# प्रधानमंत्री आवास कार्य शीघ्र पूर्ण होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सभाकक्ष में महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छत के निर्माण संबंधी कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तकनीकी सहायकों को कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल प्रबंधन की दिशा में बेहतर कार्य करते हुए मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने अपूर्ण आवासों की संख्या, स्वीकृत आवास के विरुद्ध आधार सीडिंग, सामाजिक शौचालय निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लखपति दीदी योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, समस्त जनपद सीईओ एवं परियोजना अधिकारी, जिले के कार्यक्रम प्रबंधक, ग्रामीण विकास विभाग के सभी एसडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

